## कार्यपत्र-8

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'लुटिया' का बहुवचन क्या है? (ii) लुटियाँ ✓

(ख) 'अध्यापक' का बहुवचन क्या है? (ii) अध्यापकगण ✓

(ग) 'धातुएँ' का एकवचन क्या है? (iii) धातु ✓

(घ) 'बुढ़िया' का बहुवचन है– (ii) बुढ़ियाँ ✓

(ङ) पुल्लिग शब्दों के अंत में 'आ' आने पर बहुवचन बनाने के लिए 'आ' बदलता है– (i) ए में ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द से किसी वस्तु, पदार्थ तथा व्यक्ति के एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं।

(ख) वचन के दो भेद हैं– एकवचन और बहुवचन।

एकवचन– संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से किसी वस्तु या व्यक्ति के एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे– पुस्तक, लड़का आदि।

बहुवचन– संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से किसी वस्तु या व्यक्ति के एक से अधिक होने का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे– पुस्तकें, लड़के आदि।

(ग) आदर-सम्मान तथा बड़प्पन प्रकट करने के लिए एकवचन का प्रयोग बहुवचन में किया जाता है।

(घ) सदा एकवचन में प्रयुक्त होने वाले शब्द– भीड़, जनता।

सदा बहुवचन में प्रयुक्त होने वाले शब्द– आँसू, प्राण।

**3. कोष्ठक में दिए शब्दों के सही वचन से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) आसमान में **परिंदे** उड़ रहे हैं। (परिंदा)

(ख) बगीचे में तीन **रानियाँ** बैठी थीं। (रानी)

(ग) पिता जी **फलों** की टोकरी लाए। (फल)

(घ) सड़क पर **गाड़ियाँ** चल रही हैं। (गाड़ी)

(ङ) माली ने **पौधों** को पानी से सींचा। (पौधा)

(च) बगीचे में **तितलियाँ** फूलों पर मँडरा रही हैं। (तितली)

**4. दिए गए वाक्यों में वचन संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) कल से वर्षाएँ हो रही है। — कल से वर्षा हो रही है।

(ख) गाय मैदान में चर रही हैं। — गायें मैदान में चर रही हैं।

(ग) बच्चा ने टोपियाँ पहन रखी हैं। — बच्चों ने टोपियाँ पहन रखी हैं।

(घ) कमरे साफ लग रहा है। — कमरा साफ लग रहा है।

(ङ) चिड़िया चहक रही हैं। — चिड़ियाँ चहक रही हैं।

(च) मेरी किताबें अलमारी में है। — मेरी किताब अलमारी में है।